**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3253**
**सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**झारसुगुड़ा, ओडिशा में ईएसआईसी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव**

**3253. श्री प्रदीप पुरोहित:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उद्योगों के केंद्र के रूप में इसकी प्रमुखता और क्षेत्र में औद्योगिक कामगारों की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए, ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल की स्थापना की बढ़ती मांग से अवगत है;
(ख) यदि हां, तो इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या ऐसे अस्पताल के लिए कोई प्रस्ताव सरकार का प्रस्तुत किया गया है और यदि हां, तो अनुमोदन की स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) अस्पताल की स्थापना के लिए प्रस्तावित समय-सीमा, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) ओडिशा में औद्योगिक कामगारों के लिए ईएसआईसी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक पहुंच में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ड.): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने दिनांक 11.07.2022 को ओडिशा के झारसुगुड़ा में 100-बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए "सैद्धांतिक" रूप से मंजूरी दे दी है। ईएसआई अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु दिनांक 22.10.2024 को पट्टानामा (लीज डीड) निष्पादित कर दिया गया है।

ओडिशा में कामगारों के लिए ईएसआईसी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों में 53 ईएसआईएस औषधालयों और 4 ईएसआईएस अस्पताल, 2 ईएसआईसी अस्पतालों/ नर्सिंग होम और 13 सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का संचालन शामिल है। ओडिशा में पारादीप, ब्रह्मपुर, बालासोर, झारसुगुड़ा, डुबुरी और अंधारुआ में एक-एक नए ईएसआई अस्पताल स्थापित करने के लिए "सैद्धांतिक" मंजूरी भी दी गई है।

*

*****